फा. सं. 05/16/2018-सीएमयू

भारत सरकार

राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था

(नीति आयोग)

संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक 04/12/2018

05

नोटिस-1

विषयः नीति आयोग के समिति कक्षों में ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग/पीए सिस्टम (सभी आवश्यक सहायक उपकरणों के साथ अध्यक्ष/प्रतिनिधि इकाइयां) को एक उन्नत संस्करण से प्रतिस्थापित करने के लिए ऑन-लाइन बोलियों का आमंत्रण।

कृपया नीति आयोग के दिनांक 27.11.2018 के ई-निविदा नोटिस (निविदा आईडी 2018_ एनआईटीआईए_411760_1/ निविदा संदर्भ सं. 05/16/2018-सीएमयू) के पैरा 13 तथा निविदा दस्तावेज के अनुलग्नक-2 के पैरा-1 का संदर्भ लें जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, यह कहा गया था कि समिति कक्षों के निरीक्षण की तारीख और समय के बारे में सूचना केवल केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (सीपीपीपी) और नीति आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

2. सभी संबंधितों की सूचना के लिए एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि प्रत्याशित बोलीदाताओं द्वारा निरीक्षण के लिए समिति कक्ष 08/12/2018 (शनिवार) को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक खुले रहेंगे। चूंकि ये समिति कक्ष कार्य दिवसों/शनिवार के दिनों में आधिकारिक बैठकों के लिए पूरी तरह से बुक रहते हैं, इसलिए समिति कक्षों के निरीक्षण के लिए 08/12/2018 के सिवाय किसी अन्य दिन निरीक्षण करने के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे निविदा दस्तावेज में बताए गए अनुसार कार्य की रूपरेखा को समझने के लिए समिति कक्षों का निरीक्षण कर लें।

वरीना

(वरीना नथानी)
अवर सचिव (संचार)
दूरभाष सं. 011-23042663